सांसद ने दी प्रयागराज एक्सप्रेस की सौगात, किए लोकार्पण व भूमिपूजन 08



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3000 | 4330 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3075 |
| चना | 5000 | 5660 |
| मसूर | 4500 | 6160 |
| सोयाबीन | 2800 | 4519 |
| सरसों | 4560 | 5700 |
| धान | 1800 | 4001 |
| धनिया | 5450 | 5450 |
| तेवड़ा | 4000 | 4500 |
| मक्का | 0000 | 0000 |
| मूंग | 3500 | 3500 |

## खबर संक्षेप

### शहीदों की स्मृति में मौन धारण आज

**विदिशा।** स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में मंगलवार सुबह 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपील की गई है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए सुबह 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियां रोक दी जानी चाहिए और दो मिनट का मौन रखा जाना चाहिए।

### सेंट मेरी कॉलेज के छात्रों ने किया इंडस्ट्रियल विजिट

**विदिशा।** सेंटमेरी कॉलेज के बीकॉम फाइनल के विद्यार्थी इंडस्ट्रियल विजिट पर नेशनल कैप्सूल फैक्ट्री गए। जहां पर उन्होंने फैक्ट्री में कैप्सूल बनाना सीखा। किस प्रकार इसके कच्चे माल को आयात निर्यात किया जाता है इसकी कार्य प्रणाली को समझा। बच्चों ने विजिट से आने के बाद एक संगोष्ठी कर अपने अनुभव डिपार्टमेंट में सभी टीचरों के सामने साझा किए।

### एक फरवरी को रोजगार दिवस का आयोजन होगा

**विदिशा।** प्रदेशायापी रोजगार दिवस कार्यक्रम एक फरवरी को होगा। इस कार्यक्रम में दिसम्बर एवं जनवरी इन दो माह में लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन कराने वाले विभागों से दिसम्बर एवं जनवरी माह की प्रगति निर्धारित प्रारूप में 30 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### चार जगह उपकेन्द्र के लिए भूमि उपलब्ध कराएं

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के चार स्थलों पर पांच एमडीए विद्युत केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाए। कलेक्टर ने बताया कि मप्र मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के चार गांव इमलानी, पगरानी, गरेठा एवं चंदाढाना में विद्युत उपकेन्द्र बनाए जाएंगे। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को भी ततसंबंध में निर्देश देते हुए स्थानीय एसडीएम से भूमि आवंटन संबंधी कार्य की कार्यवाही कर अवगत कराने ताकिद किया है।

खामखेड़ा के बाला बरखेड़ा गांव का मामला

# हलाली की नहर में 2 घंटे तक 6 किमी लाश की तरह पानी में बहती रही महिला, लोगों ने मृत समझकर बाहर निकाला तो जिंदा निकली

## दो घंटे तक पानी में रहने के कारण ठंड से ठिठुर गई महिला, ग्रामीणों ने आग जलाई, इलाज के लिए अस्पताल ले गए परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अलग खबर

शहर से करीब 35 किमी दूर बाला बरखेड़ा गांव से गुजरी हलाली बांध की नहर में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला रसीना (51) करीब 6 किमी तक नाव की तरह बहती रही। नहर के पास से गुजर रहे लोग महिला को मृत समझकर वीडियो बनाते रहे। इसी दौरान जब महिला ने पलके झपकाईं तब ग्रामीणों को महिला के जीवित होने का अहसास हुआ और ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से रसीना को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया की रसीना गांव के पास से गुजरी नहर में सुबह 6:30 बजे हाथ मुंह धोने गई थी, तभी वह फिसल गई। करीब 6 किलोमीटर दूर ग्राम बल्लाखेड़ी के पास ग्रामीणों ने महिला को देखा। पुलिस को सूचना दी और लकड़ी रस्सी के सहारे महिला को नहर से जीवित बाहर निकाला। पानी में दो घंटे तक रहने के कारण महिला ठंड में ठिठुर गई। ग्रामीणों ने आग जलाकर सर्दी दूर की। सूचना देने के बाद रसीना के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए ले गये।





विदिशा। हलाली बाध की बाला बरखेड़ा वाली नहर में छह किलोमीटर तक इस तरह बहती रही महिला रसीना खान।

### पलके झपकाई तब ग्रामीणों को अहसास हुआ की महिला जिंदा है

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार महिला के पति चांद खां का निधन हो चुका है। महिला के दो बच्चे हैं एक का नाम असलम और दूसरे का नाम अनीस है। महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। जिस कारण जब वह नहर में बह रही थी और ग्रामीण लाश समझकर वीडियो बना रहे थे तब भी महिला ने मदद के लिए आवाज नहीं लगाई। नहर में बहते समय जब महिला ने अपनी पलकें झपकाईं तब ग्रामीणों को पता चला की महिला अभी जिंदा है और उन्होंने उसे बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए और पुलिस को भी सूचना की।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश जारी

# बोर्ड परीक्षाओं में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

- नकल रहित परीक्षाओं के लिए पुख्ता व्यवस्था करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर उमाशंकर भार्गव।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा में किसी प्रकार की त्रुटियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पूरी तरह सजग, सतर्क व मुस्तैद रहकर परीक्षा संबंधी दायित्वों का निर्वहन किया जाए। बोर्ड परीक्षाओं में जरा सी भी लापरवाही व ढिलाई सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता गठित किए गए हैं। पुलिस थाने से लेकर परीक्षा केन्द्र तक कड़ी निगरानी में प्रश्न-पत्र के बॉक्स ले जाए जाएं। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वीं 12वीं की 5 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षा के संबंध में केंद्र अध्यक्ष सहायक केंद्र अध्यक्ष कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने कहा की परीक्षा के दौरान जिस परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र अध्यक्ष व सहायक केन्द्र अध्यक्ष या निगरानी के लिए तैनात किसी अधिकारी, कर्मचारी की लापरवाही सामने आए तो उसके खिलाफ सक्षम अधिकारी के माध्यम से तत्काल निलंबन की कार्रवाई कराएं। ऐसे परीक्षा केन्द्रों की सूची भी जिला शिक्षा अधिकारी से मांगी है जहां परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे या बहुत खराब रहे हैं। ऐसे केन्द्रों की विशेष निगरानी रखने पर कलेक्टर ने जोर दिया। साथ ही कहा कि पिछली साल के अनुभवों को ध्यान में रखकर इस साल नकल रहित परीक्षाओं के लिए पुख्ता व्यवस्था करें। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता का परिचय देकर सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षाएं संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माध्यमिक मंडल की कक्षा 10वीं 12वीं की परीक्षा 5 फरवरी से शुरू होगी। जिसमें शिक्षा विभाग के साथ जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की उड़ान दस्ती भी लगातार कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में किसी भी परीक्षा केंद्र पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि का मोबाइल की अनुमति होगी।

### प्रश्न-पत्र का बॉक्स परीक्षा केन्द्र पर 8.30 बजे से पहले न खोलें

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने कहा कि सभी केंद्र अध्यक्ष परिदृश्यता के साथ परीक्षार्थियों के साथ पॉजिटिव व्यवहार रखें। इस साल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए लागू किए गए नए नियमों की जानकारी सभी परीक्षार्थियों को अवश्य दी जाए। विशेष परिस्थिति को छोड़कर सुबह 8.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रश्न-पत्र का बॉक्स किसी भी हालत में परीक्षा केन्द्र पर 8.30 बजे से पहले न खोला जाए और प्रश्न-पत्र के पैकेट भी परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 से पहले न पहुँचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केन्द्र में कलेक्टर के प्रतिनिधि को छोड़कर केन्द्राध्यक्ष व सहायक केन्द्राध्यक्ष सहित किसी को भी मोबाइल फोन रखने की इजाजत नहीं रहेगी।

### सीएम हेल्पलाइन की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में विदिशा जिला 12वें स्थान पर

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि संतुष्टिपूर्वक जनवरी माह के आवेदनों का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित हो। गतमाह की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में विदिशा जिला 12वें स्थान पर है। गतमाह तक जिले में कुल 6496 शिकायते दर्ज की गई थी जिसमें 41.75 प्रतिशत शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक किया गया है। सीएम हेल्पलाइन के तहत विभिन्न विभागो में पचास दिन से अधिक की 28 जनवरी की स्थिति में कुल 10469 शिकायते लंबित है। जबकि अब तक विभागो में कुल 17490 शिकायते लंबित है जिसमें सर्वाधिक महिला एवं बाल विकास विभाग की 6538 शिकायते शामिल है। वही जनवरी माह की 5370 शिकायते दर्ज हुई है इन शिकायतो के निराकरण आधार पर ही फरवरी माह की जिलो की रैंकिंग जारी की जाएगी।

# जमीनी विवाद में चाचा-भतीजे ने मिलकर की थी कमल की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

दो दिन पहले हैदरगढ़ के जोतपुर गांव में 55 वर्षीय कमल पिता विश्राम सिंह दरोई की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 48 घंटे के भीतर ही सुलझा दी है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर एसडीओपी गंजबासौदा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी राजेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। घटनास्थल और आसपास के इलाके की बारीकी से जांच की गई। संदिग्ध अर्पित मरकाम व राधेश्याम बागड़ी से पुलिस ने बारीकी से पूछताछ की। अर्पित ने पुलिस को बताया की घटना वाले दिन जमीनी विवाद को लेकर कमल आदिवासी व जगदीश आदिवासी से विवाद हुआ था। मैंने कमल सिंह आदिवासी की हत्याकर दी। 28 जनवरी को हत्या करने वाले और हत्या में साथ देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 29 जनवरी को न्यायालय में पेश किया गया।

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को छात्रों ने सुना

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से 6वीं से 12वीं तक के छात्रों से सीधा संवाद किया। यहां जिलास्तरीय कार्यक्रम एसएटीआई के कैलाश सत्यार्थी हॉल में किया गया, जिसमें बच्चों ने पीएम को वर्चुअली सुना।

प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को खत्म करने के लिए आयोजित किया गया था। पीएम ने बच्चों को तनाव दूर करने के तरीके बताए। बच्चों की काउंसलिंग एवं मूल्यांकन की दृष्टि से यह कार्यक्रम 2018 से चलाया जा रहा है।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से बातचीत करते हुए पीएम ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेक्नोलॉजी के सकारात्मक उपयोग को लेकर बच्चों से चर्चा की उन्होंने कहा किसी भी चीज की आती अच्छी नहीं होती उसका सदुपयोग करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से कहा- किसी भी विषय में कंफ्यूजन नहीं रहना चाहिए।

अगर किसी को कोई कंफ्यूजन है तो वह बातचीत के माध्यम से उसको दूर कर सकता है, हमें निर्णायक बनना चाहिए। उन्होंने कहा की परीक्षा से पहले बच्चों को स्कूल जाना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी ने बताया कि जिलेभर के विभिन्न स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थी जुड़े।

## आजीविका भवन में साधारण सभा की बैठक में शामिल हुए पूर्व सीएम

# समूह की महिलाओं को लखपति बनाने के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



ग्यारसपुर के आजीविका भवन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा समूह की महिलाओं के साथ साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग समूह की 600 महिलाएं पहुंची सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पूर्व सीएम ने भाग्योदय दूध डेयरी कंपनी के बारे में बताया और महिलाओं को इस कंपनी से जुड़कर दूध डेयरी के व्यवसाय कर लखपति बनाने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा इस कंपनी से गांव-गांव में समूह की महिलाएं जुड़े और दूध डेयरी का व्यवसाय करें। समूह की महिलाएं लगातार मध्य प्रदेश में विभिन्न प्रकार के रोजगार चलाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। अब मेरा सपना है कि महिलाएं लखपति बने और दूध डेयरी का व्यवसाय कर अपने घर परिवार को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, भाग्योदय दूध डेयरी के सीईओ, मध्यप्रदेश डे राज्य आजीविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक रेखा वर्मा, सीएलएफ की अध्यक्ष मोहरबाई कुशवाह मौजूद रहे। संचालन मुकेश सोनी ने किया। कार्यक्रम में सांसद रमाकांत भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, मुकेश टंडन, तोरणसिंह दांगी, श्यामसुंदर शर्मा, बृजेश लोधी, प्रयागराज रघुवंशी, गुलाबचंद भावसार, राजेंद्र मीणा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टोला, मोहल्ला, बसाहट को जोड़ने का काम एक फरवरी तक पूरा करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पीएम जनमन मिशन में छूटे टोला मोहल्ला और बसाहट को जोड़ने का काम 1 फरवरी से पहले शत प्रतिशत पूरा किया जाना है।

सोमवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी एसडीएम व जनपद सीईओ से कहा है की इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके कार्य क्षेत्रों में रहने वाले सहरिया जनजाति वर्ग के परिवार यदि अब तक प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत सर्वे में दर्ज नहीं किए गए हैं तो ऐसे परिवारों की जानकारियां जिला संयोजक को 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से भेजें। नवीन प्रस्तावों को जोड़ने की अंतिम तारीख एक फरवरी तय की गई है।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने कहा कि पीएम जनमन के पात्रताधारी किसान पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित न रहें। कलेक्टर श्री भार्गव ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हुए शिविरों के कार्यों की भी समीक्षा की। खासकर सम्पूर्ण अभियान अवधि के दौरान शिविरों में प्राप्त हुई शिकायतों का निराकरण व लंबित शिकायतों की जानकारियां उपलब्ध कराना के निर्देश दिए हैं।

# डेफोडिल्स स्कूल में छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में मंथन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति, श्रीराम, श्रीकृष्ण, किसानों, वृद्ध माता पिता पर आधारित नृत्य नाटक की मनमोहक प्रभावी प्रस्तुतियां दी गई। मोटीवेटर अवध ओझा ने अपने लम्बे उद्बोधन में श्रीराम को भारत की आत्मा, श्रीकृष्ण को महानायक बतलाते हुए कहा कि त्याग तपस्या से प्रत्येक व्यक्ति श्रीराम श्रीकृष्ण बन सकता है। अपने अहम को छोड़ कर पूरी निष्ठा के साथ सुख दुख में संघर्ष करते हुए सफलता अर्जित की जा सकती है।





**सीएम राइज स्कूल की सौगात:** मंथन कार्यक्रम घंटो चला विभिन्न चरणो में हुए मंचीय कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्रों की प्रस्तुति, दूसरे चरण में मोटीवेटर अवध ओझा का प्रेरणादायी उद्बोधन और तीसरे चरण में नागरिकों, पत्रकारों, समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने आने वाले समय में सीएम राइज स्कूल की सौगात देने के साथ कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्त करना जरूरी है।

### समाजसेवी सम्मानित

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने छात्रों को संघर्षशील होने, हार हाल में शिक्षा प्राप्त करने और समाज देश की प्रगति में योगदान का आव्हान किया। पटेल ने समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्थानीय नागरिकों, पत्रकारों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई स्कूल प्रांगण में घंटो चले कार्यक्रम में हजारो छात्रों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### नगर के कवि प्रेम साहू का खंडवा में सम्मान



**बरेली।** खंडवा में लोकतंत्र का लोकोत्सव पारंपरिक कलां कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ अ.भा. कवि सम्मेलन में नगर के कवि प्रेमनारायण साहू ने संचालन किया। कवि प्रेम साहू की रचना राम से बड़ा नहीं है दूजा कोई और नाम सहित अन्य काव्य रचनाओं का पाठ किया गया। कलेक्टर अनूप सिंह द्वारा कवि प्रेमनारायण साहू को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। जिससे नगर के कवि सहित श्री निराला समिति के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### गणेश मंदिरों में भक्तों का लगा तांता

**बरेली।** विन्ध्य की ऊंची पर्वत चोटी पर स्वंयभू श्री गणेश की प्रतिमा प्रतिवर्ष तिल बराबर बढ़ती है। इसी कारण तिल कुटिया गणेश के नाम से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त हैं। नगर के चौधरी चौक की एक गली में दसवी शताब्दी के दक्षिण मुखी तांत्रिक श्रीगणेश विराजे हैं। उदयपुरा रोड पर श्रीगणेश का मंदिर गणेश भक्तों का श्रद्धा केन्द्र बना हुआ है। विन्ध्य की ऊंची पहाड़ी के उपर समतल स्थान पर जहां प्राचीन गुफा है। श्री तिल गणेश के मंदिर में प्रत्येक चतुर्थी पर श्री गणेश के भक्त लगभग 100 सीढियों की ऊंची पढाई कर पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि प्रतिवर्ष श्रीगणेश की प्रतिमा तिल के बराबर बढ़ती है। गणेश भक्तों एवं ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपने बचपन में छोटी प्रतिमा देखी जो धीरे धीरे बढ़ गई है। जंगल के बीचों बीच ऊबड़ खाबड़ कच्चे रास्ते से मंदिर की तलहटी में पहुंचा जाता है। अब सीढ़ियां बन गई, पानी की भी व्यवस्था हो गई है। सोमवार को गणेश चतुर्थी पर हजारों श्री गणेश भक्तों का उपर चोटी पर पहुंच कर श्रीतिल गणेश के दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने तांता लगा रहा। नगर की प्राचीन बस्ती चौधरी चौक की एक गली में छोटी सी मढिया में कभी हनुमान जी की पूजा हुआ करती थी। जब प्रतिमा ने चोला छोड़ा तो वह दसवी शताब्दी की श्रीगणेश प्रतिमा निकली। दशकों से दक्षिण मुखी तांत्रिक श्री गणेश नगर पर किसी भी संकट से रक्षा करते आ रहे हैं। संकटा गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालु अभिषेक, तिल, तिल्ली का प्रसाद चढ़ाने सक्रिय बने रहे।

### मूर्ति तोड़ने का विरोध कर कुर्मी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**कुरवाई।** उज्जैन जिले में सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार संदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष अमरसिंह कुर्मी पटेल ने बताया कि बीते दिनों पहले असामाजिक तत्वों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा ट्रैक्टर से बांधकर तोड़ी गई, उपद्रवियों ने आगजनी भी की और पथराव भी किया। सरदार वल्लभभाई पटेल किसी एक विशेष समाज की नहीं किंतु पूरे राष्ट्र के हैं। उक्त कृत्य क्षमा योग्य नहीं है ऐसे लोगो को रासुका लगाकर तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को पुनर्स्थापित किया जाए और ट्रैक्टर से सरदार पटेल मूर्ति तोड़ा गया है उसे भी राजसात किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में कैलाश नारायण पटेल, धरोपसिंह कुर्मी, नारद देव, रमाकांत कुर्मी, खेत सिंह, नारायण सिंह कुर्मी, ओमकार सिंह, प्रेमनारायण सिंह, रतन सिंह कुर्मी, अरविंद कुर्मी, छोटेलाल आदि कुर्मी समाज के समाज बंधु उपस्थित रहे।


हम सभी के मार्गदर्शक
श्री मनोज यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
जयेश शाह
अमित अग्रवाल
सौरभ सुहाने
राहुल जैन गोलू
सावन अग्रवाल
अमित यादव
बलराम यादव
नितिन यादव
राजनसिंह तोमर
मयंक टांक
राहुल व्यास (सन्नी)
चेतन शर्मा
राजा छारी
नीरज जैन
नीतेश नायक
आशीष रघुवंशी
चंद्रभान यादव
जितेन्द्र भदौरिया
गजेन्द्र बुंदेला
राजेश जैन
इसराक सिद्दीकी
योगेन्द्र समैया (पप्पू भैया)
पूर्व पार्षद
अमृतांशु यादव
अब्दुल कदीर
शैलेन्द्र यादव
योगेश शिल्पकार
सोनू गौर
कृपाराम गौर
बलराम अहिरवार
गंधर्व कुर्मी छोटू
अनुज यादव
सौजन्य से - मनोज यादव फैंस क्लब, गंजबासौदा
निवेदक - छारी एडवटाईजिंग, गंजबासौदा


हम सभी के मार्गदर्शक
चाचा श्री मनोज यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से - छारी एडवर्टाइजिंग, गंजबासौदा

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2745
उच्चतम भाव-4201
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2341
उच्चतम भाव-3271
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2392
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5750
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6270
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4542
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5000
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7900
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4070
ज्वार
न्यूनतम भाव-1160
उच्चतम भाव-6350
धना
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-5200
तुअर
न्यूनतम भाव-7200
उच्चतम भाव-8110
बटरी
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3550

### कृषि मंडी में हुई आवक

त्योंदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 25051 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

### गायों को खिलाए औषधी और गुड़ के लड्डू

सिरोंज। ग्राम पंचायत मुलगसराय में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए वरिष्ठ समाजसेवी गौ सेवक व भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने अपने साथियों के साथ औषधी और गुड़ मिलाकर लड्डू बनाकर जंगल जाते समय चौराहा पर गायों को लड्डू खिलाए।

### नपा कार्यालय में परिषद ने किया सांसद और विधायक का भव्य स्वागत

# सांसद ने दी प्रयागराज एक्सप्रेस की सौगात, किए लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






सोमवार को क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव ने नगर में आकर करोडों रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया। इसी के साथ सांसद ने लंबे समय से नागरिकों द्वारा की जा रही प्रयागराज एक्सप्रेस के स्टापेज की मांग को भी पूरा किया और इस ट्रेन के स्टापेज की घोषणा की। इससे पूर्व नपा में सांसद रमांकांत भार्गव एवं विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के तत्वावधान में नगर के पत्रकारों ने भी पत्रकार भवन की सौगात देने पर सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि का सम्मान किया। यहां उल्लेखनीय है कि अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव का कुछ घंटे बिलंब से नगरागमन हुआ। दोपहर करीब 3 बजे नगर में आए सांसद का विश्रामगृह में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन ने स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से मुलाकात की। जहां से वे नपा कार्यालय पहुंचे, जहां नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित सभी पार्षदों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने सांसद रमाकांत भार्गव और विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रथम नपा आगमन पर भव्य और जोर शोर से स्वागत किया। नपा में परिषद के साधारण सम्मेलन में शामिल होने और परिषद सदस्यों से मुलाकात के बाद सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष पारासरी पुल पर पहुंचे। जहां आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। अपने संबोधन में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर में किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी दी और भरपूर सहयोग पर सांसद रमाकांत भार्गव का आभार व्यक्त किया। उधर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि अब प्रदेश एवं केन्द्र में भाजपा सरकार है। अब नपा के साथ मिलकर हम नगर एवं क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख अतिथि सांसद रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र में डबल इंजन की सरकार है और भाजपा सरकार ने सभी क्षेत्रों में जनता को सभी तरह की सुविधाएं देने के साथ साथ भरपूर विकास भी किया है। उन्होंने जनता की लंबी मांग को पूरा करते हुए नगर में प्रयागराज एक्सप्रेस के स्टापेज की स्वीकृति की भी खुशखबरी देते हुए कहा कि मैं पूर्व में वादा करके गया था और यहां आने के पहले संकोच में था कि जनता को क्या जबाब दूंगा, लेकिन रास्ते में ही डीआरएम के फोन से जानकारी मिली कि गंजबासौदा में प्रयागराज एक्सप्रेस का स्टापेज स्वीकृत हो गया है। अब प्रयागराज तक आने जाने में जनता को यहां से सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी। इस दौरान प्रेस क्लब गंजबासौदा के तत्वावधान में पत्रकारों ने नगर में पत्रकार भवन के लिए भूमि एवं भवन निर्माण के लिए राशि देने पर सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का पुष्पहार एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर सांसद रमाकांत भार्गव एवं विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने पत्रकारों को सर्व सुविधायुक्त भवन निर्माण में हरसंभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इसके बाद सांसद रमाकांत भार्गव ने करोडों की लागत के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें जयस्तंभ चौक से सावरकर चौक तक 27 लाख के डामरीकरण कार्य, रानी लक्ष्मीबाई पार्क एवं मदन भैया पार्क के 80 लाख के सौंदर्याकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 6 में संजीवनी क्लीनिक निर्माण कार्य का भूमिपूजन, मील रोड पर 28 लाख के डामरीकरण कार्य, कर्मादेवी चौराहे से सिरोंज तिराहे तक के सीसी रोड पर 90 लाख के रिनूवल कोट कार्य एवं पारासरी पुल के चौड़ीकरण कार्य एवं हरदूखेडी रेलवे फाटक पर बने रेलवे अंडरपास का लोकार्पण भी किया। वहीं पीएम आवास योजना की तीसरी किश्त के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शीघ्र ही राशि भी हितग्राहियों के खाते में डाली जाएगी। सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए नगर में विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अनूप शर्मा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी कांतिभाई शाह, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के प्रेमनारायण विश्वकर्मा, शैलेन्द्र रघुवंशी, चंद्रशेखर दुबे, जितेन्द्र मीणा, दौलतराम खटीक, विवेक अधिकारी, सुरेन्द्र दांगी, राजेन्द्र व्यास, अशोक अग्रवाल, लक्ष्मीकांत शर्मा, दौलतराम खटीक, रीतादेवी भावसार, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, मनोज यादव, पूर्व नपाध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, रूपेन्द्र शर्मा, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, योगेन्द्र समैया, नितिन यादव, अमृतांशु आदि रहे मौजूद।

### आम निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित



सिरोंज। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सिरोंज-लटेरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के आम निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला न्यायाधीश विदिशा के मुख्य आतित्थय में विदिशा कलेक्टर उमाशंकर भार्गव द्वारा सिरोंज निर्वाचन कार्यालय शाखा प्रभारी चन्द्र प्रकाश व्यास को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आज

सिरोंज। राष्ट्रीय कुष्ठ अन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें महात्मा गांधी द्वारा कुष्ठ रोगियों की सेवा के माध्यम से यह यह संदेश समाज में देने का प्रयास है कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जो भ्रम, भय, भ्रांति, भेदभाव व्याप्त है वह निराधार है। कुष्ठ एक साधारण बीमारी है जो जीवाणु से होती है अन्य किसी कारण से नहीं। कुष्ठ खान-पान या छुआछूत से नहीं होता। पाप श्राप से नहीं होता। कुष्ठ रोग जीवाणु से होने वाली बीमारी है जिसमें चमड़ी के रंग से फीके हल्के बदरंग, पीले या गुलाबी रंग के एक या अनेक दाग होते हैं। इन दागों में न दर्द होता है न चुभन, न ठंडा लगता है न गरम, ये दाग सूखे सून्न हो जाते हैं। कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है जो बैक्टीरिया से फैलता है अन्य किसी कारण से नहीं फैलता। समय पर एमडीटी का उपचार लेने पर बिकृति आने की संभावनाएं नहीं रह जाती।

#### -जाहिर सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष सोनी निवासी विदिशा जिला विदिशा तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा वार्ड नं. 07 पटवारी हल्का नं. 02 खसरा नं 925 विदिशा जिला विदिशा म.प्र. उक्त मकान का क्षेत्रफल 900 वर्गफिट है उक्त भूखण्ड / मकान जिसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार पूर्व में धीरज सिंह सेंन का मकान पश्चिम में 10 गली, उत्तर में अनीता बाई (श्याम बाई नर्स) का मकान, दक्षिण में शम्भु गिरी गोस्वामी का मकान है उक्त भूखण्ड / मकान नगर पलिका विदिशा में 1. श्री एस एल श्रीवास्तव पुत्र रामदयाल श्रीवास्तव 2. श्री अमित श्रीवास्तव पुत्र एस.एल. निवासीगण विदिशा विदिशा व जिला विदिशा म.प्र. के नाम दर्ज है यह कि उक्त मकान स्व. रमा श्रीवास्तव पत्नि श्री सुन्दर लाल श्रीवास्तव निवासी विदिशा विदिशा व जिला विदिशा म.प्र. के द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्रीमति कोमल बाई पत्नि हिम्मत सिंह कुशवाह निवासी विदिशा विदिशा व जिला विदिशा म.प्र. से दिनांक 08.10.1997 जिसका रजिस्ट्रेशन नं 2100 क्रय किया गया है स्व. रमा श्रीवास्तव पत्नि श्री सुन्दर लाल श्रीवास्तव निवासी विदिशा विदिशा व जिला विदिशा म.प्र. की मृत्यु उपरांत उक्त मकान उनके वारिसानगण 1. श्री एस एल श्रीवास्तव पुत्र रामदयाल श्रीवास्तव 2. श्री अमित श्रीवास्तव पुत्र एस.एल.निवासीगण विदिशा विदिशा व जिला विदिशा म.प्र. के नाम पर दर्ज हो गया है उक्त सभी लोगों द्वारा उक्त मकान श्रीमति नेहा सोनी पत्नि मनीष कुमार सोनी के नाम विक्रय अनुबंध किया गया है। उक्त मकान को क्रय करने हेतु श्री हेमंत रघुवंशी द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान / भूखण्ड पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस कें अंदर मेरे कार्यालय स्थित क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट**
**क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे**
**विदिशा, जिला विदिशा (म.प्र.)**

#### -जाहिर सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हेमंत रघुवंशी निवासी ग्राम दासखजूरी तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा वार्ड नं. 22 मकान नं. 194 खसरा नं 124 लुहांगी मोहल्ला चौधरी भवन के सामने विदिशा जिला विदिशा म.प्र. उक्त मकान का क्षेत्रफल 1070 वर्गफिट है उक्त भूखण्ड / मकान जिसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार पूर्व में पप्पू भोई का मकान पश्चिम में रोड, उत्तर में गली के बाद घासीराम रघुवंशी का मकान, दक्षिण में ओमप्रकाश रघुवंशी का मकान है उक्त भूखण्ड / मकान नगर पलिका विदिशा में 1. श्री अमर सिंह 2. श्री दुर्गा सिंह 3. श्री राम सिंह 4. श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्रगण महाराज सिंह रघुवंशी एवं 5. रामबाई पुत्री श्री महाराज सिंह रघुवंशी निवासीगण काठीचार कलां, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के नाम दर्ज है यह कि उक्त मकान उक्त सभी के पिता स्व. श्री महाराज सिंह रघुवंशी पुत्र श्री घासीराम रघुवंशी के द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्री सुरेशचंद्र पुत्र श्री गेंदालाल ताम्रकार निवासी विदिशा से दिनांक 07.09.1992 जिसका रजिस्ट्रेशन नं 2224 क्रय किया गया है है स्व. श्री महाराज सिंह रघुवंशी पुत्र श्री घासीराम रघुवंशी की मृत्यु उपरांत उक्त मकान उनके वारिसानगण 1. श्री अमर सिंह 2. श्री दुर्गा सिंह 3. श्री राम सिंह 4. श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्रगण महाराज सिंह रघुवंशी एवं 5. रामबाई पुत्री श्री महाराज सिंह रघुवंशी निवासीगण काठीचार कलां, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के नाम पर दर्ज हो गया है उक्त सभी लोगों द्वारा उक्त मकान श्रीमति सविता रघुवंशी पत्नि मोहन सिंह रघुवंशी के नाम विक्रय अनुबंध किया गया है। उक्त मकान को क्रय करने हेतु श्री हेमंत रघुवंशी द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान / भूखण्ड पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट**
**क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे**
**विदिशा, जिला विदिशा (म.प्र.)**



